# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 04.05.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कृषि विभाग की समीक्षा बैठक को किया सम्बोधित : कहा– कृषि केवल जीविका नहीं बल्कि समृद्धि और आत्मनिर्भरता का बनेगी आधार।
2. निर्वाचन आयोग जल्द ही चुनाव संबंधी सभो गतिविधियों के लिए लांच करेगा सिंगल प्लेटफॉर्म एप–ईसीआईएनईटी।
3. मेडिकल में दाखिले के लिए नीट यूजी की प्रवेश परीक्षा आज शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न : देश में पांच हजार से ज्यादा केंद्रों में आयोजित हुई परीक्षा।
4. पद्मश्री से सम्मानित काशी के 129 वर्षीय योग साधक शिवानंद बाबा के निधन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जताया शोक : कहा– उनका जीवन देश की हर पीढ़ी को करेगा प्रेरित।

और

5. मौसम विभाग ने प्रदेश के बीस से अधिक जिलों में आंधी और बारिश का जारी किया अलर्ट।

————————

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश का किसान केवल योजनाओं का लाभार्थी मात्र नहीं रहेगा, बल्कि प्रदेश के समग्र विकास का सक्रिय भागीदार बनेगा। उन्होंने कहा कि नए भारत के नए उत्तर प्रदेश में कृषि केवल जीविका नहीं, बल्कि समृद्धि और आत्मनिर्भरता का आधार बनेगी। लखनऊ में आज कृषि विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के कुल कृषि क्षेत्र का साढे 11 फीसदी हिस्सा उत्तर प्रदेश में है, लेकिन खाद्यान्न उत्पादन में प्रदेश की हिस्सेदारी 20.89 फीसदी है, जो किसानों की मेहनत आर सरकार की प्रभावी नीतियों का प्रमाण है। पेश है एक रिपोर्ट**

बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि दलहन और तिलहन उत्पादन में दोगुने से अधिक वृद्धि दर्ज की गई है। मुख्यमंत्री ने इस उपलब्धि को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प दोहराया। बीज की गुणवत्ता और उपयुक्तता पर विशेष जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने किसानों को रियायती दर पर बीज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने उत्तर प्रदेश बीज विकास निगम को किसानों से बीज खरीद की धनराशि बढ़ाने और संसाधित बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को भी कहा। उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद जैसे संस्थानों के अधिकतम उपयोग की आवश्यकता जताते हुए मुख्यमंत्री ने तकनीक आधारित कृषि नवाचारों को गति देने का आह्वान किया। उन्होंने कृषि यंत्रों पर मिलने वाली सब्सिडी की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने पर बल दिया। 'श्री अन्न' को लेकर विशेष उत्साह जताते हुए मुख्यमंत्री ने प्राकृतिक खेती के प्रसार को लेकर भी गम्भीरता जताई और कहा कि जैविक उत्पादों के प्रमाणीकरण की प्रभावी व्यवस्था विकसित की जाए, जिससे किसानों को बेहतर बाजार मूल्य मिल सके। समाचार कक्ष से सुषमा कुकरेती।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि पशुपालन और दुग्ध विकास प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार है। यह क्षेत्र केवल दुग्ध उत्पादन तक सीमित नहीं, बल्कि इसमें आजीविका, पोषण सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण की भी व्यापक संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि तकनीक, निवेश और नवाचार को बढ़ावा देते हुए इस क्षेत्र को और सशक्त किया जाना चाहिए।

पशुपालन एवं दुग्ध विकास विभाग की आज समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने निराश्रित गोवंश संरक्षण केंद्रों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ठोस प्रयास करने के निर्देश दिये।

————————

निर्वाचन आयोग एक सिंगल–प्लेटफॉर्म एप ईसीआईएनईटी की शुरूआत करेगा, जो चुनाव संबंधी सभी सेवाओं को एक जगह पर उपलब्ध कराएगा। यह ऐप निर्वाचन आयोग की मौजूदा 40 से अधिक मोबाइल और वेब एप्लिकेशनों को एक साथ लायेगा। यह मतदाताओं, चुनाव अधिकारियों, राजनीतिक दलों और अन्य हितधारकों के लिए एक नया डिजिटल इंटरफ़ेस होगा। इससे उपयोगकर्ताओं को ढेर सारे ऐप डाउनलोड करने से राहत मिलेगी। यह ऐप डेस्कटॉप या स्मार्टफोन पर चुनाव संबधित जरुरी जानकारी उपलब्ध कराएगा।

————————

देश भर में आज मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिये नीट यूजी परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गई। यह परीक्षा देश में पांच हज़ार स ज्यादा केंद्रों पर और विदेश में 13 शहरों में आयोजित की गई। यह परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक चली। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए के अनुसार, परीक्षा के लिए 22 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया है। प्रदेश के सभी जनपदों में नीट परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किये थे।

————————

गौतमबुद्ध नगर में आज रन फॉर वन नेशन, वन इलेक्शन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में महिला पुरुष और बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम के केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि देश में एक साथ चुनाव होना चाहिए ताकि दश की प्रगति और विकास बाधित न हो।

*बार–बार होने वाले चुनाव, हमारे देश में पांच साल, बारह महीने, तीन सौ पैसठ दिन लगातार राजनीतिक दल और सभी नेता चुनाव की तैयारियों में व्यस्त रहते हैं। यह लगातार होने वाले चुनाव विकसित भारत के निर्माण में, देश की प्रगति और विकास में आज सबसे बड़ी बाधा बन गए। इन चुनाव पर पैसा खर्च होता है।*

कार्यक्रम में शामिल रहे भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने कहा कि पूरे देश में जन–समर्थन के लिए वन नेशन वन इलेक्शन का आयोजन किया जा रहा है।

————————

अमरोहा में अल्पसंख्यक प्रबुद्ध संवाद कार्यक्रम में आज पूर्व केन्द्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहनवाज हुसैन शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संशोधित वक़्फ अधिनियम के द्वारा वक्फ संपत्तियों और उससे होने वाले आमदनियों को जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाया जायेगा। उन्होंने कहा कि वक़्फ संशोधन के नाम पर लोगों को बहकाया जा रहा है। बाइट...

*वक्फ अमेंडमेन्ट एक्ट एकदम साफ है, न मस्जिद गिरायेगी न दरगाह, न कब्रिस्तान, न खानजा, न इमामबाड़ा बल्कि एक इंच जमीन भी वक्फ अमेंडमेंट एक्ट बनने के बाद छीनी नहीं जायेगी। विपक्ष दुष्प्रचार कर रहा है, उनकी बातों में नहीं आना है, पूरी ताकत से इकट्ठे एकजुट रहना है और वक्फ की जायदाद को बचाना है।*

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने शिरकत की।

————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक

समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने काशी के योग साधक पदम श्री शिवानंद बाबा के निधन पर दुख व्यक्त किया है। अपने संदेश में श्री मोदी ने कहा कि योग और आध्यात्मिक साधना को समर्पित उनका जीवन देश की हर पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी बाबा शिवानंद के निधन पर शोक व्यक्त किया है। योग गुरु बाबा शिवानंद का कल रात काशी हिंदू विश्वविद्यालय के चिकित्सा विज्ञान संस्थान में निधन हो गया । बाबा शिवानंद की उम्र 129 साल थी । आज वाराणसी के हरिश्चंद्र घाट पर उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। योग के क्षेत्र में अद्भुत योगदान के लिए 2022 में उनको पद्मश्री सम्मान से नवाजा गया था।

————————

प्रदेश के सभी जनपदों में कल पांच मई को विशेष मृदा नमूना संकलन अभियान संचालित किया जायेगा। कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने बताया कि इस अभियान के तहत मृदा के स्वास्थ्य को सुधारने के लिए बेहतर रणनीति बनाई जा सकेगी और किसानों को इस संबंध में विशेष जानकारी दी जा सकेगी। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से मृदा परीक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया है।कृ

षि मंत्री ने बताया है कि मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना के तहत इस साल प्रदेश की 16 हजार 520 ग्राम पंचायतों को संतृप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बाइट...

*हम इस अभियान के अंतर्गत जो हमारा लक्ष्य रहा है, उस लक्ष्य के अनुसार हम लोगों ने यह लक्ष्यरखा था कि 11,56,000 सैंपल हम किसानों के खेतों से इकट्ठा करेंगे। उसमें से उन तीन तारीखों के भीतर 3,60,000 सैंपल इकट्ठा हो गए। अब जो शेष बचा है, कल उसको शत प्रतिशत पूरा किये जाने के लक्ष्य को लेकर के बृहद अभियान चलाया जा रहा है।*

---

मुंबई में चल रहे वर्ल्ड ऑडिया विजुअल एंटरटेनमेंट समिट–वेव्स–2025 का आज समापन हो गया। सूचना और प्रसारण सचिव संजय जाजू ने आज वेव्स के दौरान आयोजित सांस्कृतिक सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि जिन संगीतकारों ने क्रिएट इन इंडिया चैलेंज–सीआईसी में भाग लिया उन सभी ने अपने प्रदर्शन से भारत के सार को दर्शाया है। उन्होंने कहा कि वेव्स ने ऐसे समय में ऐसी अनूठी प्रतिभाओं को सामने लाने में मदद की है, जब भारत में ऐसे पेशेवर बैंड की कमी है जो वैश्विक मंच पर भारत के सार को प्रदशित कर सकें। चार दिन क इस सम्मेलन का उद्‌घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को किया था।

इस आयोजन में 90 से अधिक देशों के दस हजार से अधिक प्रतिनिधि शामिल हुए।

---

विश्व हिंदू परिषद के द्वारा निकाली गई 84 कोस परिक्रमा आज अयोध्या में संपन्न हुई। 12 अप्रैल को मखोड़ा धाम से शुरू हुई इस परिक्रमा ने पांच जनपद होते हुए लगभग 265 किलोमीटर लंबी यात्रा पूर्ण की है। अयोध्या आगमन पर परिक्रमा का भव्य तरीके से स्वागत किया गया।

————————

प्रदेश में आज वाराणसी, जौनपुर और चन्दौली सहित कई जनपदों में तेज आंधी के साथ बारिश होने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग ने आगामी तीन दिनों के दौरान लखनऊ सहित बीस से अधिक जिलों में तेज आंधी और बारिश के साथ बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है। इस दौरान अधिकतम तापमान में पांच से छह डिग्री सेल्सियस की गिरावट होगी।

————————

आईपीएल में आज हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच मैच खेला जा रहा है।

————————

लखनऊ में आगामी 6 मई को उद्यमी समाधान दिवस का आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य उद्यमियों की समस्याओं का समाधान करना है। उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा उद्यमियों को

निर्बाध सहायता प्रदान करने के लिए 36 ऑनलाइन ई–सर्विसेज उपलब्ध कराई जाएंगी। इन सेवाओं के माध्यम से भूमि आवंटन से लेकर उत्पादन प्रारंभ होने तक की प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनाया गया है।

————————